# ऑनलाइन डाक्यूमेंट्री फिल्म समारोह का हुआ आगाज

**जासं, नई दिल्ली:** साहित्य अकादमी द्वारा आज से साहित्यकारों पर निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह के तहत दो अगस्त से आठ अगस्त के बीच रोजाना महत्वपूर्ण भारतीय साहित्यकारों पर निर्मित वृत्तचित्रों का दर्पण शीर्षक से प्रसारण किया जाएगा। अकादमी के फेसबुक पेज पर यह फिल्में प्रत्येक दिन शाम छह बजे प्रसारित की जाएंगी।

इस श्रृंखला में 27 मिनट की अवधि में साहित्यकार गिरीश कर्नाड (कन्नड़), रेवाप्रसाद द्विवेदी (संस्कृत), सी नारायण रेड्डी (तेलुगु), लक्ष्मी नंदन बोरा (असमिया), नैयर मसूद (उर्दू), पोन्नी लन (तमिल) और भीष्म साहनी (हिंदी) की फिल्में दिखाई जाएंगी। साहित्य अकादमी के सचिव के श्रीनिवासराव ने बताया कि कोरोना वायरस के चलते लॉकडाउन के समय में भी साहित्य अकादमी साहित्य प्रेमी पाठकों के लिए निरंतर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। साहित्य प्रेमी दर्शकों के लिए विभिन्न भारतीय भाषाओं में मई 2020 से जुलाई 2020 तक 136 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जो अकादमी की वेब साइट, फेस बुक और ट्विटर पर उपलब्ध हैं। बड़ी संख्या में पाठक और दर्शक इन कार्यक्रमों से लाभ उठा रहे हैं।

यह और दिल्ली की अन्य खबरें >>

www.jagran.com पर पढ़ें